इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष के प्रथम सत्र में दाखिल हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुण्डीर की अध्यक्षता में हुई। मीनाक्षी यादव ने मंच का संचालन करते हुए सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना व कुलगीत से हुई।

विभाग के सह-आचार्य व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कर्ण सिंह ने नव प्रवेषित छात्रों को एनएसएस के इतिहास व उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। तत्पष्चात शिक्षिका कर्मवती यादव ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की नींव एवं रूपरेखा, छात्रों के लिए पाठयक्रम तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए छात्रावास, प्रयोगशालाओं तथा विद्यार्थियों की दूसरी और सुविधाओं के बारे में बताया।

इसी क्रम निशा यादव ने विद्यार्थियों को विभाग के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के बारें में जानकारी दी। उन्होंने विभाग में विद्यार्थियों की सुविधाओ के लिए प्रयोगशाला के विभिन्न प्रकार के उपकरणों के बारे में विस्तार से बताते हुए विभाग के द्वारा गत वर्षों में किए गए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी। विभाग की शिक्षिका लक्ष्मी देवी ने सभी विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के प्रयोग के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

द्विवर्सीय पाठ्यकम से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करते हुए विभाग से गीतांजली ने विद्यार्थियों को नए सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम की जानकारी। स्वयं-अध्ययन और सेमिनार पेपर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

अन्त में कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुण्डीर ने उपस्थित सभी शिक्षकों के सहयोग की सराहना की और प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए उनका स्वागत किया तथा नई शुरूआत की शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




SHOT ON REDMI K20
AI TRIPLE CAMERA